>

Title: Need to install escalators and lift in Foot-over Bridge at Kishangarh Railway Station, Ajmer, Rajasthan - Laid.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर (राजस्थान) के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र किशनगढ़ (अजमेर) में नवीन आधुनिक रेलवे स्टेशन परिसर में मूलभूत एवं आवश्यक सुविधाओं की कमी के कारण यात्रियों एवं स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए अनेक सामाजिक, राजनैतिक एवं दैनिक यात्री संघों के अलावा अनेक संगठनों द्वारा कई बार रेलवे प्रशासन एवं मुझे ज्ञापन देकर समुचित मीठा पानी, कैंटीन, लिफ्ट, स्वचालित सीढ़ियाँ लगाने एवं स्टेशन परिसर के अंदर व बाहर आवाजाही हेतु बने अंडरपासों में वर्षाऋतु के समय निरंतर भरे रहने से आवाजाही में हो रही विकट समस्या को मद्देनजर रखते हुए स्थायी समाधान करने की मांग कर चुके हैं । लगभग बीते दो वर्षों में किशनगढ़ का यह नवीन रेलवे स्टेशन नाम का ही आधुनिक स्टेशन बनकर रह गया है जिस कारण यात्रियों एवं स्थानीय वाशिंदों में दिन-प्रतिदिन गहरा रोष व्याप्त होता जा रहा है ।

रेलवे स्टेशन परिसर में आवाजाही हेतु निर्मित पहाड़ के समान पैदल ओवरब्रिज पर अत्यधिक सीढ़ियाँ होने के कारण महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गो एवं बच्चों को सामान लेकर चढ़ने-उतरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । हालांकि यहाँ अंडरपास सबवे भी बना हुआ है लेकिन वर्षा ऋतु के समय तीन से चार माह में अधिकांश समय पानी से भरा हुआ रहता है जिससे यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आवाजाही करने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । इसलिए किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियाँ एवं लिफ्ट की नितांत महती आवश्यकता है ।

हालांकि उक्त किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर गत बजट 2018-19 में दो नवीन एस्केलेटर एवं लिफ्ट का प्रावधान भी स्वीकृत किया गया था लेकिन रेलवे

अधिकारियों ने उक्त रेलवे स्टेशन के पुराने परिसर से नवीन परिसर में संचालन के पश्चात यात्री भार एवं आय में हुई कमी को आधार मानकर उक्त एस्केलेटर एवं लिफ्ट की स्वीकृत बजट राशि को मण्डल के ही अन्य रेलवे स्टेशनों पर हस्तांतरित कर दी गयी ।

अतः मैं केन्द्रीय रेल मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूँगा कि आप रेलवे अधिकारियों को निर्देशित कर उक्त किशनगढ़ रेलवे स्टेशन के पैदल ओवरब्रिज की सीढ़ियों पर आवाजाही कराकर उनसे वर्तमान में यात्रियों एवं स्थानीय वाशिंदों को हो रही कठिनाइयों का त्वरित निराकरण हेत अविलंब दोनों प्लेटफार्मों पर स्वचालित सीढ़ियाँ एवं लिफ्ट लगाने हेतु सक्षम स्वीकृति जारी करावे साथ ही स्टेशन परिसर के अंदर एवं बाहर आवाजाही हेतु निर्मित अंडरपासों में वर्षा के पानी के निकास की स्थायी व्यवस्था को मूर्तरूप दिलावे । आपकी बड़ी महती कृपा होगी ।